तारीख हुक्म

सही होना स्वीकार किया गया। अतः हस्बख्वाहिश पक्षकारान राजीनामा बाद तस्दीक शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली पूर्व नियत दिनांक 20/08/2020 को पेश हो।

17-08-2020

वकील वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मिसल तलबी स्वीकार किया जाने पर पत्रावली पूर्व नियत तारीख पेशी से तलब की जाकर आज पेश हुई। वादी एवं प्रतिवादी सं० 6 व 7 की ओर से राजीनामा पेश हुआ। वादी की पहचान श्री बसन्त कुमार वर्मा एड० ने तथा प्रतिवादी सं० 6 व 7 की पहचान श्री राजेन्द्र प्रसाद वर्मा एड० ने की। उपस्थित पक्षकारान का राजीनामा पढ़कर सुनाया गया जिसे सुन व समझ कर उपस्थित पक्षकारान द्वारा सही होना स्वीकार किया गया। अतः हस्बख्वाहिश पक्षकारान राजीनामा बाद तस्दीक शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली पूर्व नियत दिनांक 20/08/2020 को पेश हो।

14-10-2020

वकील वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मिसल तलबी स्वीकार किया जाने पर कोविड 19 संक्रमण के चलते नियत कचहरी पेशी दिनांक 03-12-2020 से ~~निरस्त की~~ तलब की जाकर पत्रावली आज पेश हुई। प्रतिवादी सं० 14 की तामील पूर्व में सम्यक रूप से होकर शामिल पत्रावली है। प्रतिवादी सं० 14 की ओर से कोई हाजिर अदालत नहीं। अतः उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाती है। प्रकरण में वहस वकुलाप उभय पक्ष सुनी गई।

उपखण्ड अधिकारी खण्डेला (सीकर)

324 14-9

Scanned by CamScanner

हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज

अहकाम
हुक्म की तालि
में जारी हुए

दौराने बहस वकुलाय उभय पक्ष ने मुता-
बिक राजीनामा दाखा डिक्री फरमाया जाने
का निवेदन किया।

पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व
रेकार्ड व राजीनामा का अवलोकन किया गया।
मूंडि विवादित पक्षकारान ने आपस में रजी-
नामा कर माननीय न्यायालय हाजा से
तस्दीक करवाने बाबत वकुलाय उभय पक्ष
ने मय पक्षकारान हाजिर अदालत होकर
न्यायालय हाजा से राजीनामा तस्दीक भी
करवाया है। अतः वाद, वादी मुताबिक राजीनामा
स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है।
राजीनामा डिक्री का भाग रहेगा। मुताबिक
राजीनामा राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद हो।
तद्नुसार प्रकरण में पर्चा डिक्री मुरत्तिब हो।
पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो
तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय
आज दिनांक 14-10-2020 को मेरे हस्ताक्षर
एवं न्यायालयी मुद्रा सहित खुले न्यायालय
में सुनाया गया।

(राकेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी RAS
खण्डेला (सीकर)

उपखण्ड
खण्डेला (सीकर)

Scanned by CamScanner